प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 15.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल को आज मुख्य सूचना आयुक्त–सीआईसी के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई। समारोह में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और कार्मिक राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चार दिन के विदेश दौरे पर रवाना हुए। वे तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा करेंगे। पहले चरण में श्री मोदी जॉर्डन पंहुचेंगे। रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वे जॉर्डन नरेश अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन और जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। श्री मोदी अम्मान में भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे। श्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही है। अम्मान से प्रधानमंत्री कल इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा जाएंगे। वे इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबे अहमद अली के साथ विचार–विमर्श करेंगे और संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। यात्रा के अंतिम चरण में श्री मोदी बुधवार को ओमान पहुंचेंगे।

00000

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के आज दो वर्ष पूरे हो गये है। इस उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर स्थित पिंजरापोल गौशाला में आज गौसेवा की। इस अवसर पर उन्होंने हवन में आहुति भी दी। मुख्यमंत्री ने गौशाला परिसर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं का हौंसला बढाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और ये किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में सहायक है। उन्होंने सभी से रक्तदान में बढचढकर हिस्सा लेने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने राज्य सरकार के पिछले दो वर्षो के कार्यकाल को सुशासन और जन कल्याण के लिए समर्पित बताया। इसके बाद मुख्यमंत्री पूछरी का लौठा के लिए रवाना हुए। आज मुख्यमंत्री श्री शर्मा का जन्मदिवस भी है। इसी कडी में प्रदेशभर में आरोग्य शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। आज प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न सौगाते दी जायेंगी। मुख्यमंत्री जयपुर स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आरयूएचएस परिसर से चिकित्सा संस्थानों में आउटसोर्स मोड पर 22 मदर लैब और 800 स्पोक्स का शुभारम्भ करेंगे। इन स्पोक्स के माध्यम से प्राथमिक और सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से रक्त के नमूने इकट्ठे किये जा सकेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री एक हजार दिव्यांगजन को विभिन्न सहायक उपकरणों का भी वितरण करेंगे। जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों और सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाये जा रहे आरोग्य शिविरों के माध्यम से लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां दी जा रही है।

00000

राज्य विधानसभा में आज युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय विद्यालयों के 9वीं से 12 कक्षा तक के डेढ सौ से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हुए। युवा संसद में विद्यार्थियों ने मंत्रियों और विधायकों की भूमिका निभाई और विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। इस दौरान प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था, मानसिक स्वास्थ्य सहित कई पहलुओं पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुसार अपने कैरियर का चयन करना चाहिए। किसी तरह के दबाव में नहीं रहना चाहिए। अपनी रूचि के आधार पर ही क्षेत्र चुनना फायदेमंद साबित होगा।

00000

प्रदेश में कई स्थानों पर सुबह देर तक घने कोहरे का असर रहा। करौली, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और सिरोही सहित कई स्थानों पर कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही और यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आज सबसे कम 5 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीकर का फतेहपुर सबसे सर्द रहा। नागौर में 5 दशमलव 9, बीकानेर के लूणकरणसर में 6, वनस्थली में 7 और माउन्ट आबू में 7 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

रिकॉर्ड किया गया। अगले दो–तीन दिन बादलों की आवाजाही बनी रहने की संभावना है। वहीं प्रदेश में 18 से 20 दिसम्बर के आस–पास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है।

00000

उदयपुर पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना गोगुंदा क्षेत्र के पीर बावजी के पास ट्रेलर, टैंकर और कार की टक्कर से हुई। पुलिस के अनुसार हादसा तेज रफ्तार ट्रेलर के बेकाबू होने से हुआ। घायलों को गोगुन्दा अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद हाईवे पर वाहनों की लम्बी कतारे लग गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हुआ।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

00000